तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 14 जुलाई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 बारिश की बेरूखी, खेतों की प्यास बुझाने बांध के हाइडल प्लांट की बढ़ी रफ्तार




## खबर संक्षेप

### डॉ.नंदनी सोनी को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**कोरबा।** डॉ.नंदनी सोनी ने स्कूली शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय सीएसईबी एवं उच्च शिक्षा शासकीय मिनिमाता कन्या महाविद्यालय कोरबा से पूर्ण की। वर्ष 2020 से निरंतर कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर से एमएसएमई के विकास में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा दिए गए योगदान का तुलनात्मक विश्लेषणात्मक अध्ययन जिले का एक अध्ययन वाणिज्य पर शोध कार्य किया। डॉ.निधि गोयनका के मार्गदर्शन पर इनका शोध कार्य पूर्ण किया गया। डॉ.नदनी सोनी ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। डॉ.नंदनी सोनी कमला नेहरु महाविद्यालय एवं शासकिय महाविद्यालय में सहायक प्रध्यापक पद पर रह चुकी है। डॉ.नंदनी सोनी के गाइड डॉ. निधि गोयनका, प्राध्यापक डॉ.चुद्रमोहन सिंह का योगदान रहा।

### बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा आज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित बीएससी नर्सिंग परीक्षा 14 जुलाई को सुबह 10 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित की गई है। परीक्षा में 2147 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। जिले में कुल 5 परीक्षा केंद्र शासकीय पीजी कॉलेज, आईटी कॉलेज झगरहा, शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा टीपी नगर तथा अग्रसेन महाविद्यालय दर्री को बनाया गया है। परीक्षा केंद्रों के आकस्मिक निरीक्षण हेतु उड़नदस्ता दल में पीएल मिरेन्द्र कृषि विस्तार अधिकारी, संजीव खाखा व्याख्याता एवं श्रीमती रितु श्रीवास्तव व्याख्या शामिल होंगे। परीक्षा केंद्र में समस्त परीक्षार्थियों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। परीक्षा दिवस पर कार्यालय कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 6 परीक्षा शाखा/वरिष्ठ लिपिक शाखा में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिसमें नोडल अधिकारी टीआर भारद्वाज तथा सहायक नोडल अधिकारी एचआर मिरेन्द्र होंगे।

### आयुष मेडिकल एसोसिएशन चिकित्सक सम्मेलन कल

**कोरबा।** आयुष मेडिकल एसोसिएशन का चिकित्सक सम्मेलन 15 जुलाई की दोपहर 12 बजे से होटल हेरिटेज इन में आयुष मेडिकल एसोसिएशन कोरबा एवं हिमालया फार्मा जेनीथ डिवीजन बैंगलोर के संयुक्त तत्वाधान में मधुमेह रोग पर विशेष संभाषा परिषद के रूप में आयोजित है। जिसमे हिमालया फार्मा बैंगलोर के मैनेजर साइंटिफिक सर्विसेस डॉ.विपिन कटारिया द्वारा आयुर्वेदानुसार मधुमेह रोग के कारण, निदान एवं उपचार पर विशेष प्रकाश डालकर इस विषय पर चिकित्सकों के अनुभवों को साझा करने के साथ परिचर्चा की जाएगी। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने अपने आसपास के सभी आयुष चिकित्सकों को इस सम्मेलन की सुचना देने तथा सभी आयुष चिकित्सकों को मधुमेह रोग पर संभाषा परिषद के इस विशेष चिकित्सक सम्मेलन में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### बेतवा एक्सप्रेस 16, 17 को रद्द

**बिलासपुर।** नॉन इंटरलाकिंग कार्य के चलते 16 और 17 जुलाई को बेतवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। रेलवे के अनुसार उत्तर मध्य रेलवे के झांसी रेल मंडल के अंतर्गत रगौल – भरवां सुमेरपुर – यमुना साउथ बैंक लाइन दोहरीकरण कार्य के लिए खरियार-भीमसेन रेलखंड में 17 जुलाई को नॉन-इंटरलाकिंग का कार्य किया जा रहा है । इस कार्य के फलस्वरूप गाड़ी संख्या 18203 दुर्ग-कानपुर, बेतवा एक्सप्रेस 16 जुलाई' व गाड़ी संख्या 18204 कानपुर- दुर्ग, बेतवा एक्सप्रेस 17 जुलाई को रद्द रहेगी।

# एक तरफ पौधरोपण अभियान तो दूसरी तरफ रोपे गए पौधे लगे सूखने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में इस समय शहर से ग्रामीण अंचलों तक पौधरोपण अभियान चल रहा है। स्कूल आंगनबाड़ी केन्द्रों से लेकर सरकारी कार्यालयों में भी अफसरों द्वारा पौधरोपण किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ शहर में वीआईपी रोड के किनारे लगाए गए पौधे पानी के अभाव में सूखने लगे हैं, जबकि मार्ग से आम लोगों के साथ अफसरों का हमेशा आना जाना लगा रहता है।

पौधरोपण के लिए राज्य शासन के एक पेड़ माँ के नाम से अभियान चलाया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल, पंचायत भवन, सरकारी दफ्तर, अस्पताल में पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। जिनमें अफसरों के साथ विभागीय कर्मचारी कहीं कहीं जनप्रतिनिधि उपस्थित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसे स्थान भी हैं जहां स्वच्छ वातावरण के तारतम्य में पौधरोपण किया गया था, लेकिन देखरेख और सुरक्षा के अभाव में पेड़ नष्ट हो गए या पूरी तरह सूख गए। जो कुछ बचे हैं उन्हें बारिश के पानी ने बचा दिया। ऐसा नजारा बुधवारी चौक से आईटीआई चौक तक जाने वाली वीआईपी रोड में देखा जा सकता है। जिसके दोनों ओर कुछ माह पूर्व पौध रोपण करने के साथ पौधों की सुरक्षा के लिए राखड़ के ईंटों का घेरा बना दिया गया था। आज स्थिति यह है कि पेड़ सूखने के कगार पर पहुंच गए हैं। कुछ पेड़ पूरी तरह से सूख चुके हैं। कई पेड़ों के इर्द गिर्द बने राखड़ ईंटों के बने घेरों को तोड़ दिया गया है और उन स्थानों में अब गाड़िया रखी जा रही है। जबकि वीआईपी मार्ग से जनप्रतिनिधियों के अलावा सरकारी अफसरों का गुजरना होता है। उसके बावजूद रोपे गए पौधों की यह स्थिति उनकी नजरों में नहीं दिखती। पौधरोपण के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान पूर्व में लगाए गए पौधों की स्थिति देखरेख के अभाव में उजड़ने जैसे हो गई है। पौधरोपण वीआईपी मार्ग में ही नहीं किया गया, बल्कि सिंचाई विभाग की कॉलोनी पीडब्ल्यूडी स्कूल और सिंचाई विभाग के कार्यालय के समीप ही पौधरोपण किया गया है, जहां अफसर बैठते हैं वहां के पौधे भी सूख चुके हैं।

### वीआईपी रोड में दोनों ओर किया गया था पौधरोपण

**खास बातें**
- सुरक्षा के लिए लगाए गए घेरे भी टूट गए गर्मी में, नहीं सींचा गया पौधों को
- पौधरोपण के बाद भूल जाते हैं लोग



## पीएचई के लैब में पानी के सैंपल के प्रकरण हुए कम

# बारिश में स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों के पानी का परीक्षण कराने नहीं ली जा रही रूचि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्कूल के जलस्रोतों के पानी का परीक्षण कराने में शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रूचि नहीं ले रहे हैं, जबकि बारिश में दूषित पानी जैसी शिकायतें ज्यादा आती हैं। जल परीक्षण कराने का निर्देश गर्मी के मौसम में ही जिला प्रशासन ने ही जारी कर दिए थे। पीएचई के लैब में जिस संख्या में स्कूल और आंगनबाड़ी से सेंपल आना था अपेक्षाकृत ना के बराबर है।

**खास बात**
- दूषित पानी की शिकायतों के मद्देनजर प्रशासन ने परीक्षण को किया था अनिवार्य



स्कूल परिसर में लगा हैंडपंप।

औद्योगिक जिला कोरबा के शहरी और ग्रामीण अंचलों में सरकारी स्कूलों के जलस्रोत हैंडपंप ही है। जिसे आने वाले पानी में आयरन की मात्रा ज्यादा होने व कसैलापन होने की शिकायतें ज्यादा रहती है। गर्मी के मौसम के समय जिला प्रशासन ने ऐसे स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों के जलस्रोत के पानी का सेंपल पीएचई के जल परीक्षण प्रयोगशाला में भेजकर परीक्षण कराने का निर्देश दिया था। शुरूआती दौर पर तो यह काम तेजी से हुआ और अब इक्का दुक्का सेंपल ही प्रयोगशाला में पहुंच रहे हैं। बारिश में तो स्थिति और भी खराब है। सबसे ज्यादा सेंपल बारिश के समय ही पहुंचना चाहिए था। वर्तमान में एक भी सेंपल मानूसन के बाद से नहीं पहुंचे हैं। इसके लिए विकासखंड शिक्षाधिकारियों को भी निर्देश दिया गया है। बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए जल परीक्षण की अनिवार्यता किए जाने के बाद भी विकास खंड शिक्षा अधिकारी गंभीर नहीं है। यही कारण है कि निरीक्षण के दौरान भी उनके द्वारा जलस्रोत के परीक्षण को लेकर जानकारी नहीं ली जाती। पीएचई के प्रयोगशाला में जल परीक्षण हेतु प्रर्याप्त मात्रा में स्टॉफ और केमिकल उपलब्ध होने के बावजूद सरकारी स्कूल और आंगनबाड़ी सेंपल लेकर अब नहीं पहुंच रहे हैं।

### पोड़ी ब्लॉक में हैंडपंपों को किया गया बंद

जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम कौवाताल, लेपरा, कारीमाटी जैसे वनांचल ग्राम में संचालित प्राईमरी व मीडिल स्कूल में उन हैंडपंप को पीएचई ने बंद करा दिया है जिनके पानी में फ्लोराइड की मात्रा सामान्य से अधिक थी। इसके अलावा करतला विकासखंड के कलदामार ग्राम पंचायत में भी जिन हैंडपंप के पानी में फ्लोराइड की मात्रा सामान्य से अधिक थी उसे भी बंद कराने का काम किया गया है। पीएचई के कार्यपालन अभियंता ने शिक्षा विभाग से स्कूल के पानी के परीक्षण हेतु सेंपल भी मांगे हैं ताकि ऐसे हैंडपंप व जलस्रोत को बंद कराया जा सके, जो स्वास्थ्य जनक मापक से बाहर हैं।

# 31 हाथियों के झुंड के बाद दंतैल ने दी दस्तक, वनांचल में बढ़ा खतरा



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले कई दिनों से कोरबा वनमंडल में विचरण कर रहे हाथियों के झुंड का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। तो वही दूसरी ओर धरमजयबढ़ वनमंडल से एक नए दंतैल हाथी का आगमन कोरबा वनमंडल में हो गया है। जिससे जंगल में रहने वाले लोगों की मुश्किलें एक बार फिर से बढ़ गई है। दंतैल के आगमन को लेकर वन विभाग की टीम अलर्ट मोड पर है और हाथी प्रभावित क्षेत्रों में पेट्रोलिंग कर लगातार लोगों को सजग करने में लगी हुई है।

**खास बात**
- फत्तेपुर से दंतैल पहुंचा गीतकुंआरी, ग्रामीणों को किया गया अलर्ट

वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज अंतर्गत गीतकुंआरी में दंतैल हाथी की इंट्री के बाद ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है। हालांकि दंतैल ने यहां आने के बाद कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी उत्पात की संभावना को देखते हुए वन विभाग सतर्कता बरत रहा है। गीतकुंआरी व आसपास के गांवों में मुनादी करा दी गई है जहां दंतैल की इंट्री धरमजयगढ़ वनमंडल के फत्तेपुर से हुई है। वहीं कुदमुरा के जंगल में 31 हाथी अभी भी डेरा जमाए हुए हैं। हाथियों का यह दल यहां के कक्ष क्रमांक पी 1140 में लगभग एक सप्ताह से डटे हुए हैं। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 7 नर, 15 मादा के अलावा 9 शावक भी शामिल हैं। दल में शावकों के होने के कारण हाथी आगे नहीं बढ़ रहे हैं। दिन-रात जंगल में जमे हुए हैं। हाथियों की निगरानी वन विभाग द्वारा लगातार की जा रही है।

# गर्ल्स स्कूल के पास अतिक्रमण से छात्राओं को खतरा, प्राचार्य ने की थाने में शिकायत



कन्या स्कूल के बाहर किया गया अतिक्रमण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर के चौक के पास स्थित शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार के दोनों ओर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर दुकानों का संचालन किए जाने से स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को असामाजिक तत्वों से खतरा उत्पन्न हो गया है। दुकानों में बैठकर असामाजिक तत्वों छात्राओं को परेशान किया जा रहा है, जिसकी शिकायत प्राचार्य ने पुलिस में की है।

शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य ने इन सभी समस्याओं को लेकर इसके पूर्व भी नगर पालिका को कई दफा शिकायत कर चुकी है, लेकिन असज दिनांक तक नगर पालिका परिषद द्वारा इस ओर अतिक्रमण हटाने की कोई कार्यवाही नही की गई है। कन्या स्कूल की प्राचार्य ने अब इसकी शिकायत कटघोरा थाना में की है। जिसमें उन्होंने स्कूल के आसपास लगे अतिक्रमण से होने वाली समस्यासों से अवगत कराया है। उन्होंने आग्रह किया है कि कन्या स्कूल में स्कूली छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही करने को कहा है। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि कन्या स्कूल की प्राचार्या ने शिकायत की है। इस विषय पर कटघोरा नगर पालिका परिषद को नोटिस प्रेषित किया जा रहा है। साथ अनुविभागीय ⏭ शेष पेज 3 पर

# पुटू खाने से एक ही परिवार के पांच लोगों की बिगड़ी तबियत





प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती मरीज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

जंगली पुटू खाने से एक ही परिवार के 4 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। एक साथ सभी लोगों को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत होने पर आनन फानन में उन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चारों मरीजों का उपचार जारी है।

**खास बातें**
- सभी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया भर्ती
- बलौदाबाजार से खरीदकर लाया था मिरी परिवार

बारिश के मौसम में मशरुम की आवक बढ़ जाती है। हरदीबाजार में निवासरत मिरी परिवार बलौदाबाजार से पुटू खरीदकर लाया गया था। अधिक मात्रा में पुटू होने के कारण एक दिन सब्जी बनाकर खाने के बाद शेष बचे पुटू की सब्जी को फ्रीज में रख दिया। जिसके बाद शुक्रवार को दोबारा पुटू की सब्जी बनाई गई। शुक्रवार की बीती रात पूरा मिरी परिवार ने एक साथ खाना खाया। खाने में पुटू सब्जी का सेवन किया गया। जिसके बाद सभी अपने कमरे में सोने चले गए। इसके बाद एक-एक कर हरिश्चंद्र मिरी, संगीता बाई मिरी, प्रेमलता मिरी, चंपा बाई मिरी और मुकेश कुमार मिरी की तबियत बिगड़ने लगी। सभी को पेट में दर्द और बचैनी व घबराहट होने लगी। रात करीब 3 बजे आनन-फानन में सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। ⏭ शेष पेज 3 पर

### बारिश के समय न खाएं जंगली पुटू

हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सहायक चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बारिश के समय जंगली पुटू ना खाएं और अपने आसपास को साफ-सुथरा बनाकर रखें। गड्ढों में पानी भरने ना दें, इससे मच्छर पैदा होती है जिससे अनेक प्रकार की बीमारियां हो जाती है।

## उद्योग विभाग के समन्वय से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज सेमीनार का आयोजन

# नवंबर से लागू होगी नई औद्योगिक नीति, बढ़ेंगे रोजगार के अवसर : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश की नई औद्योगिक नीति 1 नवम्बर से लागू होगी। नई औद्योगिक नीति के आधार पर यहां निवेश करने का एक बड़ा आकर्षण होगा, जो न केवल राज्य के विकास को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को और मजबूती प्रदान करेगा। इससे प्रदेश में बेहतर औद्योगिक वातावरण का निर्माण होगा और नए रोजगार का सजृन होगा। प्राकृतिक खनिज संसाधनों से भरपूर छत्तीसगढ़ में उद्योग धंधे स्थापित करने की भरपूर संभावनाएं हैं।

**खास बात**
- विकसित भारत, विकसित राज्य की दिशा में कर रहे काम

उक्त बातें वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने रायपुर के तेलीबांधा में आयोजित नेशनल स्टॉक एक्सजेंज सेमीनार के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान कही। श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हाल ही में सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 का शुभारंभ किया है। पोर्टल पर एक बार आवेदन से ही सभी विभागों का क्लीयरेंस मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार का गठन हुए 7 महीने होने जा रहा है। इसमें 3 म ही ना लो क स भा चुनाव की आदर्श आचरण संहिता में बीत गए। प्रदेश की नई सरकार को काम करने का मात्र तीन महीना ही अभी मिल पाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से राजय में अब डबल इंजन की सरकार हो गई है। इसे प्रदेश का तेजी से विकास होगा। छोटे और मध्यम उद्योग हमारे देश की अर्थव्यवस्था के लिए नई ऊर्जा का स्त्रोत है। प्रधानमंत्री के विजन 2047 तक विकसित भारत और विकसित राज्य का निर्माण कैसे होगा, इस दिशा में काम किया जा रहा है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि उद्योग और श्रम विभाग का परस्पर संबंध है। छत्तीसगढ़ के बजट को अगले पांच वर्षों में 10 लाख करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। हमें विश्वास है कि इसमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी हमारी उद्यमियों और कंपनियों की होगी। उद्योग विभाग के समन्वय से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सेमीनार का आयोजन किया गया था। इस सेमीनार में स्थानीय उद्योगों और कंपनियों को शेयर मार्केट के माध्यम से निवेश प्राप्त करने के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया।



लखनलाल।

### राज्य में 6 सौ बड़ी कंपनियां हैं संचालित

उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि राज्य में लगभग 6 सौ बड़ी कंपनियां संचालित है, जिसमें से वासु लॉजिस्टिक लिमि, जैनम फेयरो एलोएस लिमि. केएन एग्री रिसोर्सेस लिमि, अर्हम टेक्नालॉजिस लिमि, चमन मेटालिक्स लिमि. एवं एटमास्टको लिमि. एनएसई में सूची में शामिल हैं। जबकि देश में लगभग 2512 कंपनियां एनएसई में रजिस्टर्ड है, जिनकी कुल बाजार पूंजी 464.38 लाख करोड़ है। आगामी वर्षों में देश की कुल बाजार पूंजी में राज्य का भी योगदान निरंतर बढ़ता रहेगा। आगे भी इस तरह के सेमीनारों का आयोजन होगा। राज्य के निवेश प्रोत्साहन बोर्ड इस दिशा में निरंतर कार्य करेगा।

### कोल ब्लास्टिंग से हो सकती है दुर्घटना

**हरदीबाजार।** दीपका प्रबंधन कोयला उत्खनन में इतना मसगुल है कि उसे लोगों की जान-माल, सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की गंभीरता नहीं दिखा रहा है। मंलगांव व अमगांव दर्रा खांचा की जहां एक घना आबादी अभी भी निवासरत है और दीपका प्रबंधन कोयला उत्खनन के लिए बड़ी-बड़ी मशीनें और ब्लास्टिंग के लिए बारूद लगाकर क्षेत्र को दहला रहा है लेकिन दीपका प्रबंधन की ओर से किसी प्रकार का कोई सुरक्षा के इंतेज़ार नहीं करने से दीपका प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल उठना लाजिमी है वहीं जिला प्रशासन को इस गंभीर समस्या पर प्रबंधन पर नकेल कसने की जरूरत है।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, सकरी निवासी लक्ष्मण चक्रधारी गुरूवार की रात पारिवारिक काम से हांफा गए थे। काम निपटाने के बाद वे बाइक क्रमांक सीजी 10 एनबी, 52058 से घर लौट रहे थे। शांति नगर के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 13 एपी, 3378 के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर डायल 112 से उन्हें इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया, जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने प्रहलाद प्रजापति की रिपोर्ट पर कार ड्राइवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बिजली खंभों से गैंग कर रहा तार चोरी

**बिलासपुर।** मस्तूरी थाना क्षेत्र में बिजली विभाग के कई खम्बों को गिराकर अज्ञात चोर द्वारा लाखों रुपए के बिजली तार की चोरी को अंजाम दिया है। जिसकी शिकायत जेई ने थाने में दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार जेई आकाश पांडेय ने शिकायत दर्ज करते हुए कहा है कि 8 से 9 जुलाई की रात बकरकुदा मल्हार के पास अज्ञात लोगों के द्वारा 15 स्पान 33 केवी विद्युत कंडक्टर को चोरी किया गया है। इससे पहले भी क्षेत्र के ग्राम खैरा में अज्ञात चोरों के द्वारा 4 स्पान 11 केवी के कंडक्टर तार की चोरी की गई है। विभाग को 7 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हो चुका है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मस्तूरी क्षेत्र में लंबे समय से गिरोह सक्रिय है जो ऐसे जगहों पर नजर रखता रहा है, जहां नए खंबे लग रहे हैं और सप्लाई शुरू नहीं हुई है। जानकारों के अनुसार इसमें बिजली ठेकेदारों के किसी कर्मचारी का हाथ है, वाहन की ठोकर से खंबों को गिराकर तार की चोरी की जाती है। चोरी में लाखों का माल पार कर दिया जा रहा है।

### जंगली सुअर के हमले से युवक घायल

**रायगढ़।** वन मंडल धरमजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को जंगली सुअर के हमले से एक युवक घायल हो गया। घटना उस समय हुई जब युवक जंगल की ओर पुटु बीनने गया था। सुअर के हमले में युवक के एक जांघ में चोट लगी है। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल युवक को सीधे स्थानीय सिविल अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद युवक को अस्पलाल से रिलीव कर दिया गया है। इस मामले को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की दोपहर नरकालो गांव का डहरू राम उम्र 26 साल जंगल तरफ गया था। इसी दौरान उसका जंगली सुअर से सामना हो गया और सुअर ने युवक पर हमला कर दिया। इस घटना को लेकर अधिकारियों ने बताया कि हादसे के बाद घायल को उसके परिजन अस्पताल ले आए। उन्होंने इस संबंध में किसी भी जिम्मेदार को जानकारी नहीं दी। हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने की जानकारी मिलने पर वन विभाग के जिम्मेदार घायल के घर मिलने पहुंचे और आवश्यक कार्यवाही शुरू की।

### डोरी बीनने गए युवक पर हाथी ने किया हमला, मौत

**कुडेकेला।** धरमजयगढ़ वन मंडल छाल वन परिक्षेत्र के अंतर्गत कुड़ेकेला निवासी युवक पर हाथी ने उस वक्त हमला कर दिया जब वह जंगल में डोरी बिनने के लिए गया हुआ था। इस दौरान उसने हाथियों से अपने आप को बचाने की कोशिश की किंतु हाथियों ने उसे पकड़ लिया और पटकपटकर उसकी जान ले ली। हाथियों के हमले से इंसानों मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, ताजा हादसा छाल वन परिक्षेत्र का है, घटना के संबंध में मिली तफसील जानकारी मुताबिक राजू दास महंत पिता स्वर्गीय बाबूलाल दास महंत निवासी ग्राम कुडेकेला शनिवार सुबह लगभग 5.30 बजे अपने खेत लाला डेरा गया हुआ था जहां डोरी का पेड़ भी स्थित है कयास लगाया जा रहा है की वह डोरी बिनने ही गया था इसी बीच दंतैल वहां आ धमका हाथी से उसका आमना सामना हो गया फिर क्या था।

## ईकोलाइ बैक्टारिया के बाद अब कॉलरा का भी मिला केस

# स्वास्थ्य विभाग मुस्तैद, फिर भी फैल रहा डायरिया, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला डायरिया के चपेट में है, रोजाना डायरिया के मरीज मिल रहे हैं, जहां स्वास्थ्य विभाग हफ्ते भर से जिले के ब्लॉक में कैंप लगाकर मरीजों का इलाज और दवा का वितरण कर रहा है, वहां भी स्थिति सुधर नहीं रही है। शनिवार को रतनपुर महामाया पारा में दोबारा 20 मरीज मिले हैं। वहीं सकरी के एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई है। जिले में इकोलाइ और कॉलरा की धमक के बाद मरीज इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं, आलम यह है कि शनिवार को रतनुपर क्षेत्र में 20 नए मरीज डायरिया से पीड़ित पाए गए। इस दौरान बिल्हा ब्लॉक के कर्मा, गुमा, नेवसा, मदनपुर में 16, मस्तुरी के भरारी में 2 मरीज मिले हैं।

- स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप, कैंप लगाने के बाद भी नहीं सुध रहे हालत

सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कैंप लगाकर स्वास्थ्य विभाग स्थिति कंट्रोल में करने का दावा कर रहा है, लेकिन हालत यह है कि लगातार डायरिया से पीड़ित मरीज मिल रहे हैं। वहीं इस दौरान अबतक 3 लोगों की मौत डायरिया की चपेट में आने से हो चुकी है। शनिवार को भी सकरी निवासी 50 वर्षीय बुजुर्ग की मौत वंदना अस्पताल में हो चुकी है। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग व्यक्ति मदनपुर में डायरिया से हुए 45 वर्षीय हीराराम मृतक का परिजन है, जिसका उपचार अस्पताल में किया जा रहा था, लेकिन इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई है।



**कहां कितने मरीज**

| जगह | सर्वे | मरीज |
|---|---|---|
| मदनपुर | 422 | 17 |
| कर्मा | 212 | 21 |
| नेवसा | 1164 | 22 |
| भरारी | 546 | 44 |
| गुमा | 1391 | 20 |
| रतनपुर | 5248 | 245 |

### देवेंद्र की मरीजों से मुलाकात

कांग्रेस नेता देवेंद्र यादव ने सिम्स जाकर डायरिया से पीड़ति मरीजों से मुलाकात की। उन्होंने भर्ती मरीजों से हालचाल जाना, और डॉक्टरों से मरीजों के इलाज के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बरसात पूर्व स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन को मुस्तैदी से काम करना था, लेकिन अधिकारी डायरिया फैलाने का इंतजार करते रहे। उन्होंने कहा कि डायरिया से लोगों की मौत हो रही है और प्रशासन महज कैंप लगा रहा है। उन्होंने नेवासा निवासी मृतक नेहा धीवर के परिजनों से भी मुलाकात की।

### बराती भी बने मरीज

बताया जा रहा है कि मदनपुर में जहां डायरिया फैला है, वहां 15 से अधिक बारातियों को डायरिया ने अपनी चपेट में ले लिया है। विभाग इसे फूड पायजिनिंग मान रहा है। रतनपुर में पानी के एक सैंपल में कॉलरा के बैक्टीरिया भी पाए गए हैं। वहीं विभाग पहले ही इकोलाइ बैक्टीरिया पाए जाने की पुष्टि कर चुका है। ऐसे में इन दिनों हो रहे शादी समारोह को लेकर भी लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी जा रही है, जिससे डायरिया से बचाव संभव हो सके।

### किया जा रहा है सर्वे

स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार कैंप लगाकर सर्वे कर रहा है, दवा का वितरण भी किया जा रहा है। गंभीर मरीजों को सिम्स भी भेजा गया है। शनिवार को जो केस मिले हैं, उनमें से अधिकतर बाराती हैं जो किसी शादी कार्यक्रम का हिस्सा रहे है। ऐसे में फूड पायजनिंग से इनकार नहीं किया जा सकता है। मरीजों की जांच की जा रही है।

- **डॉ प्रभात श्रीवास्तव,** सीएमएचओ

### माजदा से 8 टन अवैध कबाड़ जब्त

**रायगढ़।** कोतरा थाना प्रभारी ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते एनएच 49 में एक माजदा वाहन से अवैध कबाड़ का परिवहन करने वालों को गिरफ्तार किया है। वहीं माजदा वाहन सहित करीब 8 टन कबाड़ बरामद कर जब्त किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 12 जुलाई की शाम टाउन पेट्रोलिंग दौरान थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि अवैध कबाड़ लोड माजदा वाहन एनएच 49 में धनागर से आगे की ओर जा रही है। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा स्टाफ के साथ नंदेली तिराहा चौक मुख्य मार्ग पर नाकेबंदी कर संदिग्ध माजदा वाहन 1512 क्रमांक सीजी 13 एव्ही 3986 को रोक कर चेक किया गया। वाहन में भारी मात्रा में लोहे के टुकड़े पुराना छड़ लोड था। वाहन चालक गुफरान अंसारी से पूछताछ कर वाहन में लोड कबाड़ के संबंध में आवश्यक दस्तावेज की मांग की गई वाहन चालक द्वारा कोई कागजात नहीं होना बताया। कोतरारोड़ पुलिस द्वारा वाहन में लोड स्कैप चोरी की संपत्ति के आधार पर आरोपित गुफरान अंसारी पिता अब्बास अंसारी उम्र 23 साल निवासी पांकी मस्जिद मोहल्ला थाना पांकी जिला पलामू झारखंड हाल मुकाम लाखा थाना कोतवाली जिला रायगढ़ पर इस्तगासा धारा 35 क ड 303 (2) बीएनएस के तहत कार्यवाही कर अवैध कबाड 8 टन कीमत 1,16,000 मय वाहन जब्ती की गई।

## सिद्धांत नागवंशी खुदकुशी मामला

# होटल व्यावसायी रायपुर से गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जमीन के लेनदेन को लेकर सिद्धांत नागवंशी खुदकुशी मामले में जांच के बाद शहर के बड़े होटल व्यवसायी दीपेश चौकसे को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने उक्त आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व में उक्त मामले में कांग्रेस नेता अकबर खान सहित तीन के खिलाफ जुर्म दर्ज किया था।

- जांच के बाद बनाया गया आरोपी
- माता- पिता ने लगाई थी मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, डीजीपी से गुहार

सकरी पुलिस के अनुसार, 11 जनवरी 2022 को कुम्हारपारा निवासी सिद्धांत नागवंशी ने सकरी क्षेत्र में अपनी मामी के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के माता पिता ने कांग्रेस नेता अकबर खान एवं उसके साथियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर पुलिस के उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। शिकायत की जांच के बाद सकरी पुलिस ने 1 जनवरी 2014 को मामले में अकबर खान, मिनाक्षी बंजारी, सेबू उर्फ फैजान खान के खिलाफ धारा 306, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था। मृतक के माता पिता ने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, डीजीपी से मामले में शहर के होटल व्यवसायी रायपुर निवासी दीपेश चौकसे पिता दिनेश चौकसे पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर उसके खिलाफ जुर्म दर्ज करने की मांग की थी। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सकरी पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई थी। जांच के बाद आरोप सही पाए जाने पर विवेचना के बाद आरोपी दिपेश चौकसे के खिलाफ आत्महत्या करने के लिए उत्प्रेरित करने का आरोपी बनाया गया। शुक्रवार को सकरी पुलिस ने रायपुर में दबिश देकर दिपेश चौकसे को पकड़ लिया, उसे शहर लाया गया। पुलिस ने उक्त मामले में धारा 306, 34 के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### फरार है पूर्व पार्षद

वर्तमान में आरोपी अकबर खान सरकण्डा चांटीडीह निवासी कांग्रेस नेता रज्जब अली खुदकुशी मामले में जेल में बंद है। वहीं उसका साथी पूर्व पार्षद तैय्यब हुसैन फरार है। सिद्धांत नागवंशी खुदकुशी मामले में अकबर खान व सेबू उर्फ फैजान की गिरफ्तारी नहीं हुई है। वहीं आरोपी मीनाक्षी बंजारी जमानत पर है।

### गिरफ्तार किया गया है

खुदकुशी के मामले की जांच में आरोपी दिपेश चौकसे द्वारा मृतक के माध्यम से चेक व आरटीजीएस से 40 लाख रुपए एडवांस देना पाया गया है। जांच के बाद उसके खिलाफ जुर्म दर्ज कर रायपुर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

- **रजनेश सिंह** एसपी

### क्या है मामला

बताया जाता है मृतक सिद्धांत नागवंशी घर की आर्थिक स्थिति खराब होने पर रेलवे में सफाई ठेकेदार अकबर खान के साथ काम कर रहा था। इससे उसकी जान पहचान दिपेश चौकसे हो गई थी। उसने दिपेश को बताया श्रीकांत वर्मा मार्ग में मिनाक्षी बंजारी की जमीन है और उसका भतीजों के साथ विवाद चल रहा है। दिपेश व अकबर खान ने मिनाक्षी से मिलकर उक्त जमीन का 12 करोड़ में सौदा तय कर लिया और सिद्धांत के हाथों चेक व आरटीजीएस के माध्यम से उसे 40 लाख रुपए एडवांस दिलाया। किन्तु विवाद में जमीन का सौदा फंस गया। दिपेश व उसके साथी एडवांस रकम 40 लाख रुपए वापस दिलाने के लिए प्रताड़ित करने लगे, दूसरी ओर मिनाक्षी बंजारी रकम नहीं लौटाने के लिए प्रताड़ित करने लगी। इससे त्रस्त होकर सिद्धांत ने खुदकुशी कर ली थी।

# प्राचीन प्रतिमाएं टाउन हाल में जहां-तहां बिखरीं, न लिस्टिंग न ही सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कमरे की मरम्मत के नाम पर टाउन हाल में आठवीं और दसवीं शताब्दी की मूर्तियां बिखरी पड़ी हैं। इन मूर्तियों को कोई भी उठाकर ले जा सकता है। बिलासपुर कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित 1933 में बने टाउन हॉल के पार्किंग में 10 वीं और 11 वीं शताब्दी की बेशकीमती मूर्तियां बिना सुरक्षा के रख दी गई हैं।

दरसल पुरातत्व विभाग वर्षों टाउन हॉल के एक हिस्से में बने पुराने पुरातत्व संग्रहालय को सुधार नहीं पाया। अब जब नगर निगम ने इस हिस्से को सुधारने के लिए काम शुरू कराया तो यहां रखी गईं प्राचीन प्रतिमाओं को पॉलिथिन में लपेटकर टाउन हॉल परिसर के खुले मैदान में रखवा दिया गया है।

ऐसे में इन प्रतिमाओं की देख-रेख करने वाला कोई नहीं है। अनदेखी के चलते बेशकीमती मूर्तियां खराब हो रही हैं। खुले आसमान टाउन हॉल के मैदान पर पेड़ों के नीचे रखे इन मूर्तियों की कोई सुरक्षा करने वाला तक नहीं है।

**खुले मैदान में रखी गई हैं 10 वीं और 11 वीं शताब्दि की मूर्तियां**



### पुरातत्व विभाग के अफसरों से करेगें चर्चा

टाउन हॉल के एक हिस्से की मरम्मत का कार्य रूका हुआ था। मरम्मत कराने के लिए यहां रखी पुराने मूर्तियों को निकालकर टाउन हॉल के अंदर और कुछ को पार्किंग में रखा गया है। इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी पुरातत्व विभाग की है। उनके अफसरों से चर्चा कर मूर्तियों को सुरक्षित रखवाया जाएगा।

- **अमित कुमार,** आयुक्त नगर निगम बिलासपुर

### इन प्रतिमाओं को बिखेरकर रख दिया

टाउन हॉल के पुराने कक्ष जिसमें पुरातत्व संग्रहालय बना था, वहां छठवीं से लेकर तेरहवीं शताब्दी तक की 113 प्रतिमाओं को रखा गया था। इसमें तालागांव से मिली चौंथी शताब्दी की कुबेर की प्रतिमा व स्तंभ, मदनपुर गढ़ से प्राप्त 11 वीं शताब्दी की गंगा की प्रतिमा, रतनपुर से प्राप्त 11 वीं शताब्दी के भगवान आदिनाथ, नदी देवी की प्रतिमा, दार सागर से मिली 11 वीं शताब्दी की अंबिका,गोमेद,कौमारी की प्रतिमा, गनियारी से मिली मिली 12 वीं शताब्दी की मां पार्वती व सूर्य देव की प्रतिमाएं, 13 वीं शताब्दी के अंतर्गत मदनपुर गढ़ की शिव,यमुना व शेव द्वारपाल की प्रतिमाएं सहित दर्जनों पुरातात्वीक प्रतिमाएं रखी हुई हैं।

# माइक्रो फाइनेंस कंपनी का 35 लाख रुपए लेकर कर्मचारी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर में माइक्रो फाइनेंस कम्पनी के कर्मचारी द्वारा हितग्राहियों के 35 लाख रुपए के गबन मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। आरोपी फील्ड ऑफिसर ने 114 उपभोक्ताओं का लोन पास करके राशि की हेराफेरी की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर में बेल स्टार माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड की शाखा संचालित है।

- शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया एफआईआर, वाड्रफनगर का मामला

कंपनी के एरिया मैनेजर घनश्याम यादव ने पुलिस को शिकायत की थी कि कंपनी की वाड्रफनगर स्थित शाखा में पदस्थ सेल्स ऑफिसर शरीफ अंसारी द्वारा कंपनी के उपयोक्ताओं को प्रदान की गई ऋण की राशि गबन कर कंपनी के साथ धोखाधड़ी की गई है। शिकायत के अनुसार बेलस्टार माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड आरबीआई अधिनियम 1934 की धारा 45( झ) द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए गैर बैंकिंग वित्तिय संस्था के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत व स्थापित है। कंपनी द्वारा लोगों को खेती किसानी व छोटे मोटे उद्योग धंधों के लिए ऋण प्रदान किया जाता है। कंपनी की मुख्य शाखा चेन्नई में है और देश भर में इसकी शाखाएं फैली हुई है। वाड्रफनगर में कंपनी की शाखा 18 जनवरी 2019 से संचालित हो रही है। कंपनी द्वारा गांव में महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कंपनी के लिए कर्मचारी नियुक्त किए जाते है। इनमें से ही एक कर्मचारी सूरजपुर जिले के भैयाथान अंतर्गत सोनपुर शिवप्रसाद नगर निवासी शरीफ अंसारी आ. गुलाम जिलानी द्वारा क्षेत्र के लगभग 114 उपभोक्ताओं का लोन पास कराया गया और लोन की राशि 35 लाख रुपए का गबन किया। लोन के रुपए लेने के बाद आरोपी शरीफ अंसारी 1 जून से गायब है वाड्रफनगर पुलिस ने मामले में जांच उपरान्त शरीफ अंसारी के खिलाफ धारा 408, 420 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### सरगुजा पुलिस ने एक दिन में 99 वारंट किए तामील

**अम्बिकापुर।** सरगुजा पुलिस द्वारा वारंट तामीली को लेकर विशेष अभियान चलाया है। पुलिस टीम ने एक दिन में जिले के भीतर 53 समंस, 22 जमानत व 24 गिरफ्तारी वारंट समेत कुल 99 वारंट की तमीमी कराई है। बता दें कि एसपी योगेश पटेल ने थाना व चौकियों में लंबित समंस, जमानतीय वारंट, गिरफ़्तारी वारंट की तामीली हेतु दिशा निर्देश दिए गए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में 12 जुलाई को जिले के विभिन्न थाना व चौकियों में संयुक्त पुलिस टीम द्वारा समंस, जमानतीय वारंट एवं गिरफ़्तारी वारंटो की तमिली करने अभियान चलाया गया। अभियान के तहत थाना कोतवाली द्वारा 5 गिरफ्तारी वारंट तामील किया गया हैं। थाना गांधीनगर द्वारा 7 गिरफ्तारी वारंट तामील किया गया। थाना मणीपुर द्वारा 2 गिरफ्तारी वारंट एवं थाना लखनपुर द्वारा 3 गिरफ्तारी वारंट तमिल किया गया। थाना उदयपुर द्वारा 2 गिरफ़्तारी वारंट एवं थाना कमलेश्वरपुर द्वारा 3 गिरफ़्तारी वारंट तमिल किया गया।

# दिव्यांग की गला रेत कर हत्या जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

## पामगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम डोंगाकोहरौद की घटना

**डोंगाकोहरौद।** दिव्यांग युवक की गला रेतकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना की जांच के लिए एक्टपर्ट की मदद ली जा रही है। क्राइम सीन एक्सपर्ट को भी घटना स्थल में बुलाया गया। है। जहा आस पास के खून के निशान मिले है जिसे जांच के लिए सेपल को लेकर लैब भेजा गया है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की पतासाजी में जुट गई है। घटना पामगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम डोगाकौहरोद की है।

इस संबंध में पामगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डोंगाकोहरौद निवासी शारीरिक रूप से मनोज कुमार नट बोल और सुन नहीं सकता था। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ तालाब किनारे झुग्गी बनाकर भिक्षा मांगकर अपने और अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बीती रात 10 बजे वह घर से खाना खाने के बाद निकाला था जिसके बाद घर वापस नहीं आने पर खोज बीन की गई, मगर कुछ नहीं पता चला था। शनिवार 13 जुलाई की सुबह 8 बजे तालाब के किरने मनोज कुमार नट का मृत अवस्था में शव घर से 50 मीटर दूर तालाब के किनारे मिला है। डीएसपी अनिल कुर्रे ने बताया की घटना की जानकारी मिलने पर पामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची हुई थी। क्राइम सीन एक्सपर्ट को भी घटना स्थल में बुलाया गया। जहां आस पास के खून के निशान मिले है जिसे जांच के लिए सेपल को लेकर लैब भेजा जाएगा। शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट अपने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। हत्या किस वजह से की गई है और हत्या के पीछे कोन है, यह जांच के बाद पता चल पाएगा। क्या किसी से आपसी दुश्मनी, लड़ाई झगड़ा या अन्य कुछ बाते हो सकती है। पुलिस हर एंगल से जांच करने की बात कह रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।



### इंदौर से अपहृत बालिका को पुलिस ने किया बरामद

**जांजगीर-चांपा ।** हमर पुलिस हमर संग अभियान के दौरान इंदौर से अपहत बालिका को सकुशल बरामद करने की कार्रवाई नवागढ़ पुलिस द्वारा की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिले में हमर पुलिस हमर संग कार्यक्रम के अंतर्गत बालक व बालिकाओं के विरुद्ध हुए अपराध संबंधित अपराध को रोकने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके अंतर्गत माह मई 2024 में गुम हुई बालिका के माता पिता के द्वारा थाना नवागढ़ में अपराध दर्ज कराया गया था। की उनकी पुत्री बिना बताए कही चली गई है अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसला कर भगा कर ले गया है, जिस पर से थाना नवागढ़ में धारा 363 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। तकनीकी सहायता से अपहता की जानकारी इंदौर तरफ मिलने में पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में तत्काल टीम गठित कर अपहता को इंदौर से बरामद किया जाकर उसके परिजनों को सकुशल सौपा गया। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही जारी है।

## परिवहन विभाग व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

# स्कूली बस के संचालन में लापरवाही, वसूला गया डेढ़ लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्कूली बसों के संचालन में लापरवाही पाए जाने पर संचालकों से डेढ़ लाख रुपए की वसूली की गई है। साथ ही साथ यातायात नियमों के तहत वाहन चलाने की समझाईश दी गई है।

ज्ञात हो कि गुरूवार 11 जुलाई को स्कूल बसों के संचालन में अनियमितता संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई थी। इसी तारत्मय में शनिवार 13 जुलाई को परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही किया गया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि वाहनों के चेकिंग के दौरान सेंट जेवियर स्कूल अकलतरा के 3 वाहनों से 20 हजार का शमन शुल्क व 77 हजार टैक्स जमा करवाया गया। लायंस डीएव्ही स्कूल अकलतरा के 2 वाहनों पर 10 हजार शमन शुल्क जमा करवाया गया। इस प्रकार 5 वाहनों पर कुल 30 हजार शमन शुल्क वसूलने की कार्यवाही की गई एवं मोटरयान नियमों के तहत वाहन संचालन की सख्त हिदायत दी गई है। कुल मिलाकर देखा जाए तो 5 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए डेढ़ लाा की वसूली की गई है। यातायात विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिले के सभी वाहन स्वामी अपने वाहनों का टैक्स, बीमा, फिटनेस, प्रदूषण आदि दस्तावेज अद्यतन रखें, ताकि अनावश्यक परेशानी व जुर्माना से बचा जा सके। इधर इस कार्रवाई से स्कूली बस संचालकों को हड़कंप मचा हुआ है।





स्कूली बसों की जांच करते यातायात विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम।

# वृद्ध की नाले में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

दिशा मैदान के लिए घर से निकले एक वृद्ध की नाला में डूबने से मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौप दिया है। मामला हसौद थाना क्षेत्र के झरप की है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोमनाथ 12 जुलाई शुक्रवार की दोपहर 3 बजे गांव के सोमनाथ पिता रतन सतनामी उम्र 65 साल दिशा मैदान के लिए गांव के बहरा नाला की ओर गया था जो शाम तक घर नहीं लौटा तो उसके परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। देर रात तक सोमनाथ का कहीं कुछ पता नहीं चला। अगले दिन 13 जुलाई शनिवार की सुबह गांव के एक युवक ने बहरा नाला में सोमनाथ के शव को पानी में तैरते देखा और इसकी जानकारी सोमनाथ के परिजनों को दी। सूचना मिलने पर हसौद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाला से बाहर निकल गया। हसौद पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, पोस्टमार्टम के बाद वृद्धि का शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



तालाब में वृद्ध का शव।

## खबर संक्षेप



### माध्यमिक शाला में एक पेड़ मां के नाम के तहत किया गया पौधरोपण

**भैसमा।** विकासखंड करतला अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटमर के ग्राम कोई में संचालित संस्था शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, कोई में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीमती रामेश्वरी राठिया विशेष रूप से शामिल हुए। विद्यालय परिसर में फलदार एवं औषधि पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर बच्चों को पौधों के महत्व को बताते हुए हमारे जीवन में इनके प्रभावों के बारे में भी बताया गया। सभी बच्चे और शिक्षकों ने एक-एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने की जिम्मेदारी ली तथा बैगलेस डे के दौरान वन महोत्सव के अवसर पर बच्चों को मदर ऑफ ट्रीज पदम श्री अवार्ड से सम्मानित शालू मरदा थिमक्का के जीवन संघर्ष के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान प्रधान अध्यापिका अध्यापिका श्रीमती सपना खोबरागड़े, शिक्षक प्रमोद कुमार गुप्ता, सुरेश सिंह टेकाम, अनिल कुमार गुप्ता, प्राथमिक शाला के प्रधान अध्यापक नरसिंह राठिया, शिक्षिका श्रीमती सत्यवती जायसवाल, महिला स्व सहायता समूह के सदस्य व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

### रासेयो ने एक पेड़ मां के नाम ग्रीन दिवस का दिया संदेश



**चैतमा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चैतमा अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय बिलासपुर रासेयो प्रकोष्ठ राज्य सम्पर्क, डॉ मनोज सिन्हा समन्वयक, जिला संगठक प्रो वायके तिवारी, प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम के निर्देश पर कार्यक्रम अधिकारी ब्यख्याता वीरेंद्र कुमार बंजारे, क्रीड़ा शिक्षक नाबीउल्ला सिद्दिकी के मार्गदर्शन में हरियर भूमि के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण कर स्वंय सेवकों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम ने बताया कि यह पर्यावरण को संरक्षित करने के महत्व और प्राकृतिक दुनिया पर मनुष्यों के प्रभाव को प्रतिबिंबित करने का दिन है। हरियाली दिवस मनाने का एक तरीका पार्कों या बगीचों में जाकर उनके आसपास की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना करना है। पौधरोपण में ब्यख्याता सुरेन्द्र सिंह नेटी ने सराहना किया वृक्षारोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम पर स्वंय सेवक विनय, करण, मिथलेश, नितीश, अनीश, साहिल, आमोश, प्रमोद, मुकेश, इशिका, दीपिका, श्वेता, सिमाक्षी, नेहा, प्रियंका, अनुसुइया, मनीषा, वासुदेव, प्रियाशु ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश।

### माध्यमिक शाला बेला में किया गया पौधरोपण

**कोरबा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बेला में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण विद्यालय के शिक्षकों, बच्चों, वन विभाग के कर्मचारी एवं ग्राम पंचायत बेला के सरपंच जया राठिया के मुख्य अतिथि में वृक्षारोपण किया गया। विद्यालय परिसर में फलदार एवं औषधि पौधों का रोपण किया गया। जिसमें आम कटहल जामुन, नींबू, अमरूद आदि पौधे रोपे गए।जया राठिया एवं संस्था प्रमुख मोहनलाल साहू के द्वारा बच्चों को पौधों के महत्व को बताते हुए हमारे जीवन में पढ़ने वाले प्रभाव को भी बताया गया। सभी बच्चों के द्वारा भी एक-एक पौधे लगाकर उसकी देखभाल करने की जिम्मेदारी ली गईद्ध इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गण हरिदास मानिकपुरी, दिव्या साहू, सावित्री तिग्गा, शैली श्रीवास्तव, विनोद कुमार साण्डे, सुशीला भगत, शकुंतला तिग्गा, नीतू श्रीवास सहित अन्य उपस्थित रहे।

### तीन दिवसीय कबड्डी अंडर 14 अंडर 17 प्रतियोगिता संपन्न

**कोरबा।** तीन दिवसीय संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2024-25 कबड्डी अंडर 14 और अंडर 17 का समापन केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 कोरबा में हुआ। प्रतियोगिता में रायपुर संभाग की 16 टीमों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमती डॉ फरहाना अली रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि प्राचार्य श्रीमती जेआरबी आनंद, ऑब्जर्वर योगेश गुप्ता एवं विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे अनुरक्षक शिक्षक, एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन के 12 सदस्य, शिवम सुमन शारीरिक शिक्षक केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ समारोह में शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती डॉ फरहाना अली ने कहा कि खेल न केवल जीत बल्कि हार को भी स्वीकार करने की सीख देता है। इस दौरान उन्होंने परिणाम की घोषणा की जिसमें अंडर 14 प्रथम केवी कोंडागांव, द्वितीय केवी जांजगीर, तृतीय केंद्रीय विद्यालय नारायणपुर, अंडर 17 प्रथम केवी रायपुर नंबर वन शिफ्ट 2, द्वितीय केवी नंबर 2 रायपुर, तृतीय केवी जांजगीर रहे। तत्पश्चात नेशनल में चयनित खिलाड़ियों की सूची उनके योग्यता के आधार पर घोषणा की गई। कार्यक्रम का संचालन में प्रभारी प्राचार्य श्रीमती मीनाक्षी और विद्यालय के शारीरिक शिक्षक साहिल चौधरी ने किया।

# हॉकी से शुरू होंगी प्रतियोगिताएं, एथलेटिक्स से होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला स्कूल शिक्षा विभाग खेल कैलेंडर 2024-25 का निर्धारण संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर के आदेशानुसार टीपी उपाध्याय जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा के कुशल निर्देशन में केआर टंडन सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं रणधीर सिंह प्राचार्य कन्या साडा के नेतृत्व में जिला स्तरीय व्यायाम शिक्षकों का बैठक शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या साडा में आहूत की गई।

अलग खबर

बैठक में जिले में वर्ष भर होने वाली खेल गतिविधियों का निर्धारण किया गया, जो 18 सोपान में विभिन्न जगहों पर जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के माध्यम से आयोजित की जाएगी। 18 जुलाई से डॉ.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम बालकोनगर में नेहरू हॉकी खेल मिनीमाता उत्तर माध्यमिकविद्यालय बालको के नेतृत्व में शुरू होकर शासकीय

### जिला स्तरीय व्यायाम शिक्षकों की बैठक में लिए गए निर्णय



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजगामार में खेलों के राजा एथलेटिक्स के साथ समापन होगी। उक्त कार्यक्रम को निर्धारित करने में राम कृपाल साहू सहायक खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरबा, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक प्रशांत तिवारी, अनुप राय, कृष्णा गढेवाल, सुरेन्द्र दुबे, अनिल तिवारी महेश कैवर्त, संदीप गैरहा, अजय दुबे, देवेन्द्र सिंह राजपूत, देवेन्द्र महतो (जिला अध्यक्ष) सनत कालेलकर (जिला सचिव) श्रीमती सावित्री जायसवाल, नलनी मूले, सन्नी कैवर्त, राजेश पाण्डेय, सत्यनारायण कंवर, पवन कंवर, प्रदीप मिंज, नवीउल्ला सिद्दीकी, एम जे आलम, चंद्रशेखर खांडे, विशाल दुबे, डॉक्टर पुष्प राज सिंह राजपूत, निर्मला यादव, प्रवीण सिंह राजपूत, विवेकानन्द गोपाल, प्रियंका चौहान, शर्मिष्ठा शर्मा, गोपाल दास महंत, अजित शर्मा, सुमित सिंह, मानस केशरवानी आदि जिला के व्यायाम शिक्षक, प्राचार्य, व्याख्याता एवं पांचों विकासखंड प्रभारियों, तथा अशासकीय विद्यालयों के क्रीड़ा प्रभारी, शिक्षकों आदि की उपस्थित में जिला स्तरीय खेल कैलेंडर 2024-25 का निर्धारण किया गया है। जिसमें सभी व्यायाम शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए जिला स्तरीय खेल में ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को सहभागिता दिलाने का निश्चय किया गया है।

## लोक अदालत बेहतर माध्यम, इसका लाभ उठाने की अपील

# विवादों को आगे बढ़ाने की बजाय सुलझाने का हो प्रयासः भादुड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर और कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस गौतम भादुड़ी, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर ने कोरबा में नेशनल लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में जस्टिस श्री भादुड़ी ने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य व कोशिश है कि आपस में जो झगड़ा, विवाद चल रहा है उसमें विराम लगे। आप सभी को मालूम है कि इसमें दोनों पार्टी संतुष्ट होकर जाते हैं। कई ऐसे मामले होते है जिसमें प्रकरण दाखिल होने के साथ जीत-हार की संभावना रहती है। इसके विरूद्ध हाईकोट, सुप्रीम कोर्ट में अपील होती है और एक वकील तथा न्यायाधीश के रूप में अनुभव है कि मुकदमा लड़ना कितना खर्चीला है।

उन्होंने कहा कि यदि कोई विवादी है, मुकदमें में उलझा है तो दिमाग में तनाव रहता है, तबीयत भी खराब होती है। आप जो उन्नति करना चाहते है, जीवन में आगे बढ़ना चाहते हैं, उसमें कही न कही ब्रेक लग जाता है। जब तक समाज है, झगड़ा होता रहेगा, क्योंकि यह समाज के साथ ही चलने वाली बात है। आप फोटोग्राफ प्रेस में देखे होंगे कि निगेटिव्ह से ही पॉजीटिव फोटो बनता है। सोसायटी में ये निगेटिव्ह चीजें रहेगी ही, जब तक लोग है, कुछ न कुछ आपस में विवाद भी रहेगा। लोक अदालत का मंच एक प्रयास है कि विवादों को कम करने के साथ सुलझने योग्य प्रकरणों को सुलझाने की। जस्टिस श्री भादुड़ी ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रकरणों को सुलझाने के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य अन्य कई बड़ी राज्यों से आगे है, इसके लिए न्यायाधीश, अधिवक्तागण तथा पक्षकार बधाई के पात्र है। जस्टिस श्री भादुड़ी ने आगे कहा कि विवाद खत्म होने पर उन्नति की ओर आगे बढ़ा जा सकता है। अपना ध्यान किसी कार्य में केंद्रित किया जा सकता है। उन्होंने नींद में देखे जाने वाले सपनों का जिक्र करते हुए कहा कि गहरी नींद के सपने में हम अपने आपको कभी समस्या में तो कभी खुशी के पल में देखते हैं और जब नींद खुल जाती है तो सपना खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि कोई प्रकरण चलाना है तो चलता ही रहेगा। इसलिए दो कदम आप चलेंगे तो दो कदम वे भी चलेंगे। वकील और जज की कोशिश रहती है कि विवाद जल्दी समाप्त हो। लोक अदालत में लोग एक दूसरे से गले मिलकर जाएं। उन्होंने कहा कि कोई चीज समय पर न मिले तो उसकी अहयिमत खत्म हो जाती है। इसलिए समय का सदुपयोग किया जाना चाहिए। विवादों को अनावश्यक बढ़ावा देने की बजाय अधिकतम प्रकरणों को सुलझाना चाहिए। लोक अदालत का आयोजन विवादों को खत्म करने के उद्देश्य से ही की गई है। आप सभी इसका लाभ उठाइये। उन्होंने सभी को लोक अदालत के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।



कार्यक्रम को संबोधित करते जस्टिस गौतम भादुड़ी।

### जस्टिस ने विधिक जागरूकता पखवाड़ा का किया शुभारंभ



जस्टिस गौतम भादुड़ी न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर एवं कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर ने आज जिला सत्र न्यायालय परिसर में विधिक जागरूकता पखवाड़ा का शुभारंभ किया। उन्होंने अधिवक्ता संघ द्वारा विधिक जागरूकता पखवाड़ा अंतर्गत आमजनों को देश मे लागू हुए नए कानून की जानकारी देने हेतु संचालित किए जा रहे निशुल्क सहायता एवं मार्गदर्शन केंद्र की सराहना की। उन्होंने कहा कि कानून में हुए बदलाव के संबंध में आमजनों को जागरूक करना एक अभिनव पहल है। देश मे लागू हुए नए कानून के संबंध में सभी को जानकारी होने से न्याय मिलने में आसानी होगी। इस अवसर पर जिला सत्र न्यायाधीश श्री सत्येंद्र कुमार साहू, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री गणेश कुलदीप सहित न्यायाधीशगण, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी व अधिवक्ता उपस्थित थे।

### पौधरोपण कर पर्यावरण सरंक्षण का दिया संदेश

श्री भादुड़ी ने जिला सत्र न्यायालय परिसर विभिन्न कोर्ट एवं शाखाओं का अवलोकन कर कार्या की जानकारी ली। उन्होंने सभी शाखा प्रमुखों को अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। न्यायाधिपति ने डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के कुटुम्ब न्यायालय, श्रम न्यायालय सहित अन्य कोर्ट रूम, लेखा अनुभाग, प्रतिलिपि अनुभाग, ज्यूडिशियल सर्विस सेंटर सहित पूरे कोर्ट परिसर का अवलोकन किया। शाखा प्रमुखों से उनके प्रभार की जानकारी लेते हुए प्राप्त दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला सत्र न्यायाधीश श्री सत्येंद्र साहू सहित अन्य न्यायाधीश उपस्थित थे।

# धनोंदिया मल्टीपल एवार्ड से किए गए सम्मानित



अजय धनोंदिया को सम्मानित करते विधायक प्रेमचंद पटेल एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला शैलेश अग्रवाल ने अपने कैबिनेट में ला अजय धनोंदिया को माइक्रो चेयरपर्सन में जीएमए जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिसके अंतर्गत ला अजय धनोंदिया ने डिस्ट्रिक्ट में आने वाले सभी क्लबों के द्वारा शासकीय एवं प्रसाशनिक सेवा गतिविधियों पर किये गए कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराई। जिस पर इंदौर (मध्यप्रदेश) में आयोजित मल्टीपल कन्वेंशन में मल्टीपल कौंसिल चेयरपर्सन एमजेएफ ला रौशनलाल सेठी ने माइक्रो चेयरपर्सन ला अजय धनोंदिया को अपने पद को सकृयता से निभाने के लिए मल्टीपल एवार्ड प्रदान किया गया। इस एवार्ड सम्मान को कटघोरा में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व मल्टीपल कौंसिल चेयरपर्सन एमजेएफ ला राजेन्द्र तिवारी, ला अनुराधा तिवारी के द्वारा अजय धनोंदिया को एवार्ड को प्रदान किया गया। अजय धनोंदिया ने माइक्रो चेयरपर्सन के सांथ सांथ होम क्लब लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी के अध्यक्ष पद को भी सक्रियता से निभाते हुए कार्य किया। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने बताया कि निश्चित ही क्लब के द्वारा एक से बढ़कर एक सेवा के कार्य किये जाते रहे हैं जिसकी वजह से मल्टीपल से भी इन्हें एवार्ड प्रदान किया जा रहा है जो कि सराहनीय हैं। राजेंद्र तिवारी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उनके गवर्नर काल में इस क्लब का गठन किया गया था। क्लब के द्वारा शुरू से ही एक से बढ़कर एक कार्य किया जा रहा है। इनकी सक्रियता इस बात से स्पस्ट होती है कि क्लब के सक्रिय अध्यक्ष के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाते हुए अजय धनोंदिया को लगातार मल्टीपल एवार्ड से सम्मानित किया जा रहा है। इस एवार्ड सेरेमनी में इंटरनेशनल डायरेक्टर विनोद लाडिया, पूर्व मल्टीपल कौंसिल चेयरपर्सन एमजेएफ राजेन्द्र तिवारी, एमजेएफ जयप्रकाश अग्रवाल, पूर्व मल्टीपल कौंसिल वाइस चेयरपर्सन पी एमजेएफ राजकुमार अग्रवाल, पी एमजेएफ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शैलेश अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित एमजेएफ ला सुधीर जैन, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम निर्वाचित पी एमजेएफ विजय अग्रवाल, वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय निर्वाचित एमजेएफ रिपुदमन पुसरी, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ बीके मिश्रा सहित सभी अतिथि मंच पर उपस्थित रहे।

# गेवरा संकुल में शाला प्रवेश उत्सव का किया आयोजन



शाला प्रवेश उत्सव के दौरान उपस्थित अतिथि एवं बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा संकुल अंतर्गत सम्मिलित 9 विद्यालय के सामूहिक तत्वाधान में संकुल केंद्र, माध्यमिक शाला गेवरा बस्ती के प्रांगण में शाला प्रवेश उत्सव, न्यौता भोजन एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष राठौर विधायक प्रतिनिधि एवं विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद अजय प्रसाद के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विभिन्न विद्यालयों के कक्षा पहली, कक्षा 6वीं एवं कक्षा 9वीं के नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर मुंह मीठा करा कर स्वागत किया गया। साथ ही सभी नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को पाठ्य-पुस्तक एवं गणेश का वितरण किया गया। इस दौरान संकुल के वरिष्ठ छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर न्यौता भोजन किया। जिसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, पालकों, शिक्षकों एवं सभी नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं के द्वारा माध्यमिक शाला गेवरा बस्ती के परिसर में पौधों का रोपण किया। इस मौके पर पार्षद अजय प्रसाद के द्वारा ट्री गार्ड प्रदान करने की घोषणा की। इस मौके पर राजेश पटेल, पप्पू महाजन, दिलीप दास, रितेश, श्रवण यादव, रमेश दास, कन्हैया यादव, रामायण बिंझवार एवं महिला मंडल की सदस्या, प्राचार्य गोपाल कंवर, घनश्याम प्रसाद रस्तोगी, अरविंद सिंह, श्रीमती ईश्वरी तिवारी, अनीता रात्रे, सरिता आदिले, श्रीमती इंद्राणी पांडे, सूरज कैवर्त, रवि शंकर बघेल, विजय कुर्रे, श्रीमती जया वैष्णव, श्रीमती राधा कश्यप, मृगेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य स्टॉफ उपस्थित थे।

छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। विधायक प्रतिनिधि संतोष राठौर ने विधायक के संदेश का वाचन किया गया। इसके बाद उपस्थित सभी अतिथियों एवं बालकों ने विद्यालयीन

# होमक्लब लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट को मिला सर्वश्रेष्ठ क्लब का अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व की अग्रणी समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स के डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के सत्र 2023-24 के डिस्ट्रिक्ट एवं मल्टीपल अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन बिलासपुर में किया गया। जिसमें डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के वर्ष 2023-24 के डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा को एक्सीलेंस अवार्ड से 2023-24 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शैलेश अग्रवाल एवं डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी लायन आशीष अग्रवाल ने उनके उल्लेखनीय सेवा कार्यों के लिये मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही उनके होमक्लब लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट को सत्र 2023-24 में डायबिटीज के अंतर्गत उत्कृष्ट सेवा कार्यों हेतु डिस्ट्रिक्ट 3233 सी की डायबिटीज की माइक्रो चेयरपर्सन लायन रंजना महावर ने सर्वश्रेष्ठ क्लब अवार्ड से सम्मानित किया। क्लब अध्यक्ष, रीजन जीएलटी कोऑर्डिनेटर लायन शिव जायसवाल को एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया। साथ ही डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शैलेष अग्रवाल ने लायंस क्लब इंटरनेशनल के 2023-24 के मिशन को पूरा करने में विशेष योगदान दिये जाने के लिये लायन डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर्स ऑफ सर्टिफिकेशन एप्रीसिएशन अवार्ड से भी सम्मानित किया। उपरोक्त सभी अवार्ड डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के सेक्रेटरी लायन आशीष अग्रवाल ने अपने बिलासपुर स्थित कार्यालय में डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सचिव लायन डॉ . ना गे न्द्र नारायण शर्मा को ससम्मान प्रदान किया गया।



डॉ.शर्मा को सम्मानित करते डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी लायन आशीष अग्रवाल।

## पृष्ठ 1 का शेष

### गर्ल्स स्कूल...

अधिकारी को भी इस विषय को लेकर पत्र भेजा जा रहा है। कन्या स्कूल के आसपास अतिक्रमण कारियों की वजह से छात्राओं को होने वाली समस्याओं को लेकर प्रशासन गंभीर है। अनुविभागीय अधिकारी व नगर पालिका सीएमओ को इस विषय को लेकर अवगत कराया गया है। जल्द ही इस ओर ठोस कदम उठाते हुए अतिक्रमण पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### पुटू खाने से...

तत्काल उपचार मिल जाने से सभी की जान बच गई। मरीजों ने बताया कि बलौदाबाजार से पुटू खरीद कर लाया था। हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सहायक चिकित्सा अधिकारी युधेश सांडे ने बताया कि सभी की हालत ठीक है। समय रहते इलाज शुरू हो गया, नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी।

## हेल्थ प्लस

# हृदय रोग के मरीजों का कोरबा में बड़े शहरों जैसा उपचार संभव



**कोरबा।** शहर के सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल एनकेएच में कैथलैब की सुविधा प्रारंभ होने से हृदयरोगियों को एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी व पेसमेकर से संबंधित जानकारी व इलाज में काफी राहत मिली है अब लोगों को बड़े शहरों की ओर रुख करना नहीं पड़ रहा है जो कम रुपये में संभव हो गया है। कम समय में अपने शहर में सुविधा मिल जाने से उनकी जीवन रक्षा हो रही है। अस्पताल में एक हप्ते में हृदयरोग से पीड़ति लगभग 20 मरीज एनकेएच पहुंचे। इनमें से सभी मरीजों को त्वरित उपचार लाभ प्रारम्भ किया गया। विशेषज्ञ डॉ.एस.एस. मोहंती की देखरेख में आवश्यक परीक्षण बाद 10 रोगियों का एंजियोग्राफी कराया गया। इनमें से 5 मरीज का एंजियोप्लास्टी की गई। अब ये सभी पूरी तरह से स्वस्थ हैं। जिलेवासियों को कम खर्च में बड़े शहरों की तरह उपचार की उच्च स्तरीय सुविधाएं मुहैया कराने के लिए 1 वर्ष पूर्व प्रतिबद्ध एनकेएच प्रबंधन ने कैथलैब का शुभारंभ किया। ईसीजी, ईको, टीएमटी, कार्डियक प्रोफाइल ये चार सुविधाएं एनकेएच अस्पताल में पहले से ही प्रदाय की जा रही हैं। अस्पताल प्रबंधन ने इसमें वृद्धि करते हुए एंजियोग्राफी व एंजियोप्लास्टी सुविधा प्रारंभ की है। रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट व हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.सतीश सूर्यवंशी व डॉ.एसएस मोहंती, डॉ भरत अग्रवाल एनकेएच में अपनी सेवाएं निरंतर दे रहे हैं। महीने के प्रत्येक माह में 4 से 6 बार विजिट कर मरीजों को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। तथा आपात परिस्थितियों में आकर उपचार लाभ दे रहे हैं।

## कोरबा मार्केट






## खबर संक्षेप



### बजरंग दल ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** जिले में बालको में कम्पनी के भारी वाहन बेकाबू होकर चलते हैं, जिससे बेजुबान मवेशियों की दुर्घटना में मौत की संख्या बढ़ती जा रही है। बालकों क्षेत्र में दुर्घटना में मवेशियों की मृत्यु हो गई ऐसे मामलों को लेकर पूर्व आंदोलन किया गया था। जिसमें कंपनियों द्वारा व्यवस्था की बात कही गई थी। परंतु लापरवाही पूर्वक ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति जारी है। ऐसे में हम दो दिवस पश्चात कठोर आंदोलन के लिए बाध्य है। तत्काल मवेशी मालिक वेतन यादव को मुआवजा देकर एवं व्यवस्थाओं को बनाने की दिशा में तत्काल कार्य प्रारंभ करें।

### गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड से सम्मानित हुए डिकेश्वर

**कोरबा।** विगत दिनों वृंदावन हॉल रायपुर में छत्तीसगढ़ स्वाभिमान संस्थान के तत्वावधान में



चंद्रयान तीन विश्व कीर्तिमान जो एक विश्वस्तरीय विशाल काव्यमयी साझा संकलन है का विमोचन किया गया। इस किताब में सम्मिलित राज्य ही नहीं वरन देश विदेश से भी इस विषय विशेष पर अपनी रचनाओं के माध्यम से चंद्रयान तीन विश्व कीर्तिमान में अपनी रचनाओं के माध्यम से इस काव्य संकलन को अलंकृत किया है। जिसमें विश्वस्तर के 123 साहित्यकार सम्मिलित है, जिसमें प्रदेश के 100 साहित्यकारों में डिकेश्वर साहू की भी सहभागिता रही। भारत के विभिन्न राज्यों से 21, आस्ट्रेलिया से 1 एवं अमेरिका से 1 साहित्यकारों ने अपना काव्य सृजन कर विश्व कीर्तिमान में अपना विशेष योगदान दिया है। इस उपलब्धि के लिए डिकेश्वर साहू को चंद्रयान 3 विश्व कीर्तिमान गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड" से सम्मानित किया गया।

### जनसंख्या नियंत्रण पर स्कूल में हुई परिचर्चा



**हरदीबाजार।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबंध राष्ट्रीय सेवा इकाई योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबी धतूरा विकासखंड पाली में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डीके लहरे अर्थशास्त्र, राजनीति भूगोल विजय कुमार जांगड़े, सुरेंद्र कुमार राठौर, डीके पात्रे, शिवचंद पंकज, आरआर श्रीवास, मीनू कुमार लहींमोर, संजय सिंह राठौर, के मिन्ज, श्रीमती रश्मि तिवारी, राधिका सोनी, दीप्ति सोनी, रविकांत रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी राजू प्रसाद सारथी, विद्यालय स्टाफ रासेयो के स्वयंसेवक, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहकर विश्व जनसंख्या दिवस के नियंत्रण के संबंध में जागरूकता, दुष्प्रभाव पर सरगर्भित, चर्चा परिचर्चा एवं संबोधन प्रस्तुत किया गया।

### संसदीय कार्य मंत्री से मिले आदिवासी समाज के प्रतिनिधि



**हरदीबाजार।** 9 अगस्त को आदिवासी दिवस मनाने के लिए समाज के सदस्यों ने रायपुर निवास में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग के संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप से सौजन्य मुलाकात कर विश्व आदिवासी दिवस क्रांति मैदान बोईदा, मुरली में मनाने के बारे में समाज के लोगों द्वारा चर्चा किया गया। इस अवसर पर रघुराज सिंह उइके, झांझ सरपंच चन्द्रिका प्रसाद उइके, पटवारी उतरदा गोविंद राम कंवर, बोईदा सरपंच प्रतिनिधि मनोज जगत, सरपंच प्रतिनिधि मुरली दशरथ सिंह कंवर, मीडिया प्रभारी दुर्गेश मरावी उपस्थित थे।

# बारिश की बेरूखी, खेतों की प्यास बुझाने बांध के हाइडल प्लांट की बढ़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जुलाई का महीना आधा बीत चुका है, लेकिन बारिश की रफ्तार शुरुआती दिनों के बाद अब थम सी गई है। खेतों की प्यास बुझाने के लिए बांगो बांध के हाइडल की रफ्तार बढ़ा दी गई है और खेतों में पानी की कमी ना हो इसके लिए हसदेव दर्री बराज से 4650 क्यूसेक पानी नहर में छोड़ा जा रहा है ताकि किसानों को खेती के लिए भरपूर पानी मिल सके।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर हसदेव बांगो बांध कोरबा जिला, जांजगीर चंपा, सक्ती, रायगढ़ के किसानों व उद्योगों के लिए संजीवनी है। बारिश की शुरुआती दिनों में लगातार चार-पांच दिनों तक अच्छी बारिश हुई, लेकिन अब बारिश थम सी गई है। कई दिनों तक बारिश नहीं होने के चलते खेतों में पानी धार नजर नहीं आ रही है और लगातार किसानों द्वारा पानी की डिमांड की जा रही है ताकि खेतों की प्यास बुझ सके। किसने की डिमांड पर बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार 3 घंटे से सीधे 26 घंटे बढ़ा दी गई है और हाइडल प्लांट चलने की वजह से बांगो बांध से 3250 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। यह पानी सीधे हसदेव दरीबराज पहुंच रहा है। जहां हसदेव दर्री बराज में दाएं और बाएं तट नहर के माध्यम से 4650 क्यूसेक पानी नहर में छोड़ा जा रहा है, ताकि खेतों की प्यास बुझ सके और फसल बेहतर तैयार हो सके। हाइडल प्लांट से छोड़े जा रहे हैं पानी की वजह से किसानों को भरपूर पानी दिया जा रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की मानें तो बांगो बांध में किसी तरह भी पानी की कमी नहीं है। जैसे-जैसे किसानों की डिमांड आएगी वैसे ही हाइडल प्लांट की रफ्तार और बढ़ाई जाएगी। ताकि किसानों को खेती के लिए भरपूर पानी दिया जा सके।

### हाइडल प्लांट को 26 घंटे किया जा रहा है संचालित

**खास बातें**

- 3250 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है हसदेव नदी में
- दाएं और बायें तट नहर में 4650 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा



### एक माह में आधा मी ही बढ़ा बांगो बांध का वाटर लेवल

प्रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध की कुल जल भराव क्षमता 359.66 मीटर है। मौजूदा स्थिति में बांगो बांध में लगभग 348.64 मीटर पानी है, जो कल जल भराव का 44 फ़ीसदी पानी है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की माने तो 15 जून से अब तक बांगो बांध का वाटर लेवल महज आधा मीटर ही बढ़ पाया है। बारिश के दौरान बांगो बांध के कैचमेंट में अच्छी बारिश हो रही थी, जिसके चलते वाटर लेवल बढ़ रहा था। लेकिन किसानों द्वारा पानी की डिमांड के चलते हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़ा दी गई है। जिसके चलते लगातार पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। इसलिए कुछ दिनों से बांगो बांध के केचमेंट में पानी आने की रफ्तार बहुत कम हो गई है। बताया जाता है कि बीती रात को लगभग 10 एमसीएस पानी बांगो बांध में आया है।

## तिथि बढ़ने से लोग चौहद्दी का सही ढंग से कर सकेंगे मंथन, जान सकेंगे भौगोलिक सीमा

# वार्ड परिसीमन को लेकर दावा-आपत्ति की मियाद 22 तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वार्डों की सीमा निर्धारित करने के बाद नगर निगम ने दावा-आपत्ति से संबंधित तिथि बढ़ा दी है। अब संबंधित वार्डों में रहने वाले लोग अपनी दावा-आपत्ति 22 जुलाई तक कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निराकरण के बाद वार्डों की वास्तविक सीमा का निर्धारण किया जाएगा और इसकी सूचना प्रदेश सरकार को दी जाएगी ताकि नगरीय निकाय का चुनाव संपन्न हो सके।

साल के अंत तक प्रदेश में नगरीय निकायों के चुनाव होने हैं। इसके लिए स्थानीय निर्वाचन कार्यालय अपनी तैयारियों को आगे बढ़ा रहा है।पहले चरण में सभी नगरीय निकायों में वार्ड परिसीमन को लेकर स्थानीय निर्वाचन आयोग ने निर्देशित किया था इसके बाद निकायों में वार्ड की सीमा का निर्धारण किया गया। कोरबा नगर निगम के साथ-साथ नगर पालिका परिषद दीपका, कटघोरा, बांकीमोंगरा और नगर पंचायत पाली और छुरीकला के लिए वार्डों के सीमा के परिसीमन का कार्य प्रारंभ किया गया। पखवाड़े भर की कोशिश के बाद सभी निकायों में वार्ड परिसीमन को लेकर कार्यवाही पूरी हो गई है। वार्डों की सीमा रेखा से संबंधित नक्शा नगर निगम कार्यालय में चस्पा किया गया है। लोगों की सुविधा को लेकर नगर निगम ने प्रत्येक वार्ड का ब्यौरा भी अपने सूचना पटल पर प्रकाशित किया है। इसमें वार्ड के उत्तर-दक्षिण और पूरब-पश्चिम में स्थित हिस्से को लिखा गया है। निगम की ओर से इसका प्रकाशन 8 जुलाई को किया गया था और 14 जुलाई तक स्थानीय लोगों को दावा आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था। जिन लोगों को वार्ड परिसीमन को लेकर अपनी आपत्ति थी उन्होंने कलेक्टर कार्यालय में आपत्ति दर्ज कराई है। अपने वार्ड को लेकर लोग बेहतर तरीके से सोच-समझ सके और वार्ड की भौगोलिक सीमा को भलीभांति जान सके इसके लिए प्रदेश सरकार ने दावा आपत्ति की तारीखों को बढ़ा दिया है। अब संबंधित वार्ड के लोग 22 जुलाई तक दावा-आपत्ति कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। आपत्तियों का निराकरण जिला निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से किया जाएगा और इसके बाद वार्ड परिसीमन से जुड़ी अंतिम सूची का प्रकाशन होगा।



फाइल फोटो

### 59 वार्डों से फिर हो गए 67 वार्ड

नगर निगम के 67 में से 8 वार्डों को अलग कर नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा का गठन किया गया है। बांकी मोंगरा नगर पालिका का गठन के बाद नगरीय निकाय चुनाव से पहले वार्डों का नए सिरे से परिसीमन के निर्देश शासन द्वारा जारी किए गए। इसके पालन में वार्डों की जनसंख्या के आधार पर परिसीमन किया गया है। परिसीमन के साथ वार्डों के नंबर भी बदल गए हैं। पूर्व में वार्डों के जो नंबर थे उनकी संख्या में तब्दीली हुई है और नए वार्ड भी बनाए गए हैं। इस तरह नगर निगम के 59 वार्डों की संख्या फिर से 67 हो गई है।

### नगर पालिक निगम में प्रस्तावित वार्डों की जनसंख्या

| वार्ड क्र. | वार्ड का नाम | जनसंख्या | वार्ड क्र. | वार्ड का नाम | जनसंख्या | वार्ड क्र. | वार्ड का नाम | जनसंख्या | वार्ड क्र. | वार्ड का नाम | जनसंख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | रामसागर पारा वार्ड | 4916 | 18 | कोहड़िया वार्ड | 4287 | 35 | खरमोरा वार्ड | 5180 | 52 | अयोध्यापुरी वार्ड क्र. 1 | 4560 |
| 02 | पटेल पारा वार्ड | 4182 | 19 | पथरीपारा वार्ड | 4472 | 36 | कोसाबाड़ी वार्ड | 4975 | 53 | अयोध्यापुरी वार्ड क्र. 2 | 3959 |
| 03 | साकेत नगर वार्ड | 5059 | 20 | छ.ग.रा.वि.मं. क. 02 वार्ड | 4374 | 37 | रामपुर वार्ड | 5588 | 54 | जमनीपाली वार्ड | 4177 |
| 04 | राताखार वार्ड | 4067 | 21 | छ.ग.रा.वि.मं. क. 03 वार्ड | 4864 | 38 | लालघाट वार्ड | 4637 | 55 | सुमेधा वार्ड | 4625 |
| 05 | देवांगन पारा वार्ड | 4797 | 22 | कांशीनगर वार्ड | 3912 | 39 | रिसदा वार्ड | 4534 | 56 | शक्तिनगर क. 01 वार्ड | 4993 |
| 06 | पुरानी बस्ती वार्ड | 4161 | 23 | बुधवारी क्र. 01 वार्ड | 4007 | 40 | पाडीमार क. 01 वार्ड | 4645 | 57 | शक्तिनगर क. 02 वार्ड | 4997 |
| 07 | धनुहार पारा वार्ड | 4728 | 24 | बुधवारी क्र. 02, वार्ड | 4396 | 41 | पाडीमार क. 02 वार्ड | 4469 | 58 | सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर वार्ड | 4921 |
| 08 | मोतीसागर पारा वार्ड | 5051 | 25 | शिवाजी नगर वार्ड | 5201 | 42 | बालको नगर वार्ड | 5776 | 59 | दर्रीखार क. 01 वार्ड | 5408 |
| 09 | इमलीडुग्गू वार्ड | 4611 | 26 | पं. रविशंकर शुक्ल नगर वार्ड | 4476 | 43 | कैलाश नगर वार्ड | 5472 | 60 | दर्रीखार क. 02 वार्ड | 4649 |
| 10 | मिलाईखुर्द वार्ड | 4795 | 27 | महाराणा प्रताप नगर वार्ड | 4013 | 44 | नेहरू नगर वार्ड | 5676 | 61 | वैशालीनगर बरमपुर वार्ड | 4394 |
| 11 | सीतामणी वार्ड | 5228 | 28 | एस.ई.सी.एल. कॉलोनी क्र. 01 वार्ड | 5117 | 45 | परसाभाठा क. 01 वार्ड | 4672 | 62 | सर्वमंगला नगर वार्ड | 4352 |
| 12 | नई बस्ती वार्ड | 4789 | 29 | मुड़ापार वार्ड | 4845 | 46 | परसाभाठा क. 02 वार्ड | 5144 | 63 | विकाश नगर वार्ड | 4420 |
| 13 | शारदा विहार वार्ड | 4048 | 30 | एस.ई.सी.एल. कॉलोनी क्र. 02 वार्ड | 4889 | 47 | रूमगरा वार्ड | 5109 | 64 | ईमलीछापर वार्ड | 4267 |
| 14 | अमरैयापारा वार्ड | 5257 | 31 | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर वार्ड | 4320 | 48 | हसदेव क. 01 वार्ड | 4362 | 65 | भैरोताल वार्ड | 4235 |
| 15 | परिवहन नगर वार्ड | 5420 | 32 | पोडीबहार वार्ड | 4149 | 49 | हसदेव क. 02 वार्ड | 4076 | 66 | डगनियाखार वार्ड | 4746 |
| 16 | पंप हाउस वार्ड | 5635 | 33 | मानिकपुर वार्ड | 4544 | 50 | हसदेव क. 03 वार्ड | 4353 | 67 | बलगीखार वॉर्ड | 4928 |
| 17 | छ.ग.रा.वि.मं. क. 01 वार्ड | 4128 | 34 | दादर खुर्द वार्ड | 4205 | 51 | स्याहीमुड़ी वार्ड | 4712 | योग | | 313954 |

### अधेड़ ने लगाई फांसी, मौत

**कोरबा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चाकाबुड़ा निवासी शत्रुघ्न मार्को 45 वर्ष पिता बैजनाथ कुमार ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। अधेड़ ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रेलडबरी में मना शाला प्रवेश उत्सव



**हरदीबाजार।** विकासखण्ड पाली अंतर्गत ग्राम उतरदा के माध्यमिक शाला रेलडबरी में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह नेटी सरपंच के अतिथ्य में मां सरस्वती के चित्र में माल्यार्पण कर कक्षा 6वीं में नव प्रवेशित बच्चों को तिलक, गुलाल व मिठाई खिलाकर, गणवेश, पुस्तक वितरण कर स्वागत किया गया और बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में पंच श्रीमती उषादेवी कौशिक व संकुल समन्वयक डीके सिंगौर, प्रधानपाठक एसएस मरकाम और श्रीमती ठंडाबाई खुशपाल व गणमान्य नागरिक केशरी कौशिक व शाला के शिक्षिका श्रीमती अनीता लहरे व सुलोचना जगत उपस्थित रहे।

## बारिश में सडक के गड्ढे बने डबरी...



**कोरबा।** शहर से ग्रामीण अंचल की ओर जाने वाले मुख्य मार्गों और चौक चौराहों की स्थिति बदहाल बनी हुई है। उरगा चौक में जहां हमेशा चारों दिशाओं से वाहनों का आना जाना लगा रहता है। उक्त चौक में बीते दो माह से बारिश का पानी भरने के कारण डबरी सा नजर आ रहा है। लोगों को अपने वाहन इस तरह से निकालने पड़ रहे हैं।

# पंचायत क्षेत्रों के विकास में रूचि नहीं ले रहे सरपंच सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

ग्रामीण अंचलों की छोटी छोटी समस्याओं को लेकर आम ग्रामीण जन सीधे जिला मुख्यालय पहुंच रहे हैं, जबकि ब्लॉक स्तर और पंचायत स्तर पर निपटने वाली समस्याओं के लिए वर्ष में 6 बार ग्राम सभा आयोजित करने के स्पष्ट निर्देश के बावजूद ग्राम के सरपंच व सचिव सभा आयोजित करने के मामले में रूचि नहीं ले रहे हैं। परिणाम स्वरूप मूलभूत विकास कार्य नहीं हो पा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायतों में होने वाली ग्राम सभा में अपनी-अपनी समस्या लेकर पहुंचने वाले ग्रामीणों की समस्या सुनते सरपंच सचिव आयोजित ग्राम सभा में जाना भी जरूरी नहीं समझते जिससे ग्रामीणों की छोटी-छोटी समस्या का निराकरण नहीं हो पाता। वहीं शासन द्वारा संचालित भिन्न-भिन्न योजनाओं की जानकारी उन्हें नहीं मिल पाती। मिली जानकारी के अनुसार पाली विकासखंड के प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन होना था किंतु पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मानिकपुर में 4 जुलाई को मानिकपुर पंचायत में ग्राम पंचायत का आयोजन होना था। वहीं 5 जुलाई को साजाबहरी में आमसभा तय की गई थी, किंतु पंचायत में ग्राम सभा थी तथा 5 जुलाई को मानिकपुर के आश्रित मोहल्ला साजा बाहरी में ग्राम सभा आयोजित थी दोनों स्थानों पर निर्धारित तिथि को ग्राम सभा का आयोजन नहीं किया गया। इस संबंध में सरपंच से फोन पर संपर्क किया गया किंतु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। सचिव शांति दास मानिकपुरी से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि मैं दो पंचायतों के प्रभार में हूं चैतमा में ग्राम सभा ले रहा हूं जिसके कारण का वहां नहीं जा पाया। इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ से भी संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, किंतु उन्होंने भी फोन रिसीव करना जरूरी नहीं समझा।

**खास बात**

- नहीं होती पंचायत में ग्राम सभा की बैठक



शिकायत करने पहुंची महिलाएं।




## प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में पत्रकारों से रूबरू हुए कलेक्टर, दिए सवालों के जवाब, कहा शहर का विकास आवश्यक

# अधोसंरचना के विकास से शहर को नया स्वरूप देने की जरूरत: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनता और शासन के बीच सामंजस्य बनाकर जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों का विकास करना ये पहली प्राथमिकता रहती है। उन्होंने अपने कार्यों में आम लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले इसे प्राथमिकता से शामिल किया है। जनता और शासन के बीच आपसी संवाद बना रहे दूरियां न रहे ये उनकी कार्यशैली का उद्देश्य है। शहर का औद्योगिक विकास करना उसे मॉडल रूप देना उनके कार्यों में शामिल है।

उक्त बातें कलेक्टर अजीत वसंत ने शनिवार को प्रेस क्लब तिलक भवन में प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में पत्रकारों से रूबरू होते हुए कही। कोरबा जिला प्रदेश के अन्य जिलों से अलग है, यहां औद्योगिक विकास पहले हुआ और आबादी बाद में बसी। खदानों के पास आबादी, संयंत्रों के पास आबादी का बसना यह उन्होंने यहा देखा है। कोरबा शहर को एक मॉडल रूप देने के लिए अधोसंरक्षना का कार्य करना इस दिशा पर योजना बनाई जा रही है। शहर के साथ-साथ उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को भी मुख्य रूप से अधोसंरचना विकास में शामिल किया जाएगा। अभी तक उन्होंने जिले के विकास को लेकर भ्रमण के दौरान यह महसूस किया है कि बहुत से काम होना अभी बाकी है और उस पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाना है। एसईसीएल की खदानों का विस्तार और भूविस्थापितों की समस्या उनके चुनौती है और वह एसईसीएल और प्रशासन के बीच लगातार इस दिशा पर कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में पत्रकारों द्वारा शहर की समस्याओं से संबंधित पूछे गए प्रश्नों का भी कलेक्टर अजीत वसंत ने सकारात्मक जवाब दिया। उन्होंने शहर की यातायात समस्या अंडर ब्रिज और बायपास सड़क के लिए योजनाबद्ध तरीके से किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक से प्राईमरी व मीडिल स्कूल के बच्चों को नाश्ता देने की योजना शुरू की गई है। इससे 25 हजार बच्चे लाभांवित होंगे।



कलेक्टर को स्मृति चिन्ह भेंट करते वरिष्ठ पत्रकार।

### बजट में प्रावधान, जिला प्रशासन को कोई निर्देश नहीं

जिले में एल्यूमिनियम पार्क की स्थापना के संबंध में कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अपने बजट में कोरबा में एल्यूमिनियम पार्क की स्थापना को जरूर शामिल किया गया है, इसकी उन्हें जानकारी है। लेकिन अब तक जिला प्रशासन को एल्यूमिनियम पार्क के संबंध में काई भी दिशा निर्देश राज्य शासन की ओर से नहीं मिले हैं। जब भी कोई निर्देश मिलेगा तब इसपर आगे की कार्यवाही की जाएगी। शहर के पर्यावरण प्रदूषण सवाल पर कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि इसके लिए गाइड लाइन जारी की गई है।

*कोरबा। माध्यमिक शाला बेला में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण विद्यालय के शिक्षकों, बच्चों, वन विभाग के कर्मचारी एवं सरपंच जया राठिया के मुख्य अतिथि में वृक्षारोपण किया गया।

